प्रेस प्रकाशनी PRESS RELEASE

भारतीय रिज़र्व बैंक
RESERVE BANK OF INDIA

संचार विभाग, केंद्रीय कार्यालय, एस.बी.एस.मार्ग, मुंबई-400001

Department of Communication, Central Office, S.B.S.Marg, Mumbai-400001
फोन/Phone: 022- 22660502

वेबसाइट : www.rbi.org.in/hindi
Website : www.rbi.org.in
ई-मेल/email: helpdoc@rbi.org.in

26 अगस्त 2021

आरबीआई ने श्री अजय कुमार को नए कार्यपालक निदेशक के रूप में नियुक्त किया

भारतीय रिज़र्व बैंक ने 20 अगस्त 2021 से श्री अजय कुमार को नए कार्यपालक निदेशक (ईडी) के रूप में नियुक्त किया है।

ईडी के रूप में पदोन्नति से पहले, श्री अजय कुमार क्षेत्रीय निदेशक के रूप में बैंक के नई दिल्ली क्षेत्रीय कार्यालय के प्रमुख थे।

श्री कुमार ने अपने तीन दशकों के कार्यकाल में रिज़र्व बैंक के विदेशी मुद्रा, बैंकिंग पर्यवेक्षण, वित्तीय समावेशन, मुद्रा प्रबंधन और अन्य क्षेत्रों में कार्य किया है।

कार्यपालक निदेशक के रूप में श्री कुमार मुद्रा प्रबंधन विभाग, विदेशी मुद्रा विभाग और परिसर विभाग का कार्यभार संभालेंगे।

श्री कुमार पटना विश्वविद्यालय से अर्थशास्त्र में परास्नातक, आईसीएफएआई से बैंकिंग में एमएस और बैंक प्रबंधन और अनुसंधान संस्थान, हैदराबाद से प्रमाणित बैंक प्रबंधक हैं। उन्होंने केलॉग स्कूल ऑफ मैनेजमेंट, शिकागो से कार्यपालक प्रबंधन कार्यक्रम किया है और सर्टिफाइड एसोसिएट ऑफ इंडियन इंस्टीट्यूट ऑफ बैंकिंग एंड फाइनेंस (सीएआईआईबी) सहित अन्य पेशेवर योग्यताएं रखते हैं।

(योगेश दयाल)
मुख्य महाप्रबंधक

प्रेस प्रकाशनी: 2021-2022/746